# म०प्र० कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

M.P. EMPLOYEES SELECTION BOARD
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल

## मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा–2024 का 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) परीक्षा–परिणाम

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 20.04.2025 से 29.04.2025 तक

परीक्षा परिणाम तिथि : 25th सितम्बर, 2025

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

25/9/25

# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

**मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा–2024 का 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) परीक्षा परिणाम**

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा **दिनांक 20.04.2025 से 29.04.2025** तक मध्यप्रदेश के 11 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन में मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा–2024 (ऑनलाईन) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के लिए विषयवार कुल **185065** आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिसमें से **160360** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, एवं **24704** अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहें। उक्त परीक्षा में 01 यूएफएम / पररूपधारण प्रकरण है।

2. उक्त परीक्षा परिणाम में केवल वे अभ्यर्थी जिन्होंने पात्रता परीक्षा (एलिजिबिलिटी टेस्ट) में क्वालीफाइंग अंक प्राप्त किये थे, उनकी ही चयन परीक्षा में पात्रता मानी गई है। जिन अभ्यर्थियों ने इस नियम के अनुसार पात्रता प्राप्त नहीं की है, वे अपात्र है। उक्त नियम न्यायालीन प्रकरणों वाले अभ्यर्थियों पर भी लागू होगा।

3. समस्त न्यायालयीन प्रकरणों वाले अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम विदहेल्ड (Withheld) रखे जाएँगे, भले ही उनके अंतरिम आदेश में परिणाम घोषित करने का उल्लेख हो या न हो। इन अभ्यर्थियों के परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के उपरांत तथा विभागीय सहमति के पश्चात ही जारी किए जाएंगे।

4. प्रतीक्षा सूची (Waiting List) विज्ञापित पदों के 15% के आधार पर, सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी और वर्ग के लिए तैयार की गई है।

5. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

6. समस्त प्रदर्शित परीक्षा परिणाम Percentile Score के आधार पर है, Percentile का नियम, नियम पुस्तिका में उल्लेखित है।

7. नियमानुसार निःशक्तजन संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग / ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी निःशक्तजन संवर्ग के अंतर्गत EH/VH/LD/MD मेरिट के आधार पर प्राप्त हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग / ओपन में निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं विकलांग संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गई है।

8. परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरिष्ठता नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमानुसार निर्धारित की गई है।

9. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित विकल्प / प्राथमिकताक्रम के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

10. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः तैयार की गई प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची के आधार पर आवेदक की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों आदि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/कार्यालय के स्तर से किया जायेगा तथा उचित पाए जाने पर ही संबंधित विभाग/कार्यालय के नियमानुसार अंतिम चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।

11. मण्डल द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से की जायेगी।

12. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

13. परीक्षा परिणाम ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं, जहाँ से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 25 सितंबर 2025

नियंत्रक
म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल